# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## नई शिक्षा नीति 2020 की ओर सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय का एक सशक्त कदम

पंतनगर। 28 दिसम्बर 2023। विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय द्वारा स्वावलंबन केन्द्र का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा किया गया। इस प्रयोगशाला–कम–प्रशिक्षण केन्द्र का उद्देश्य महाविद्यालय के विद्यार्थियों की वैचारिक समझ एवं व्यावसायिक दृष्टिकोण को विकसित कर उन्हें उद्यमिता विकास की ओर प्रेरित कर स्वावलंबी नागरिक बनाना है। यह केन्द्र विद्यार्थियों को नयी शिक्षा नीति के अनुरुप स्वावलंबी बनाने हेतु एक अभिनव प्रयोग है।

इस अवसर पर डा. मनमोहन सिंह चौहान ने महाविद्यालय द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए कहा की राष्ट्रीय पुनरुत्थान के लिए शिक्षा में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ–साथ संस्कार एवं संस्कृति का समानुपातिक सम्मिश्रण होना अत्यंत आवश्यक है। तकनीकी ज्ञान एवं कौशल संवर्धन द्वारा विद्यार्थियों में उद्यमी दृष्टिकोण विकसित किया जा सकता है और उन्हें स्वयं के व्यवसाय हेतु प्रेरित कर राष्ट्र निर्माण में सहयोग सुनिश्चित करना भी शिक्षण संस्थाओं का दायित्व है। कुलपति ने विद्यार्थियों को नवाचार एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने की सलाह दी। विद्यार्थियों को स्वावलंबन शब्द का अर्थ समझाते हुए उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार करने में विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका है और उन्हें अपनी संपूर्ण क्षमता से नवोन्मेषी प्रयोग एवं वैचारिक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। उन्होंने ने सभी से आग्रह किया कि वे विभिन्न सेमिनारों, वर्कशॉप, कॉन्फ्रेंस एवं अन्य अवसरों पर इन उत्पादों का प्राथमिकतापूर्वक प्रयोग कर वोकल फार लोकल एवं मेड इन इंडिया जैसे महत्वपूर्ण आवाहन को चरितार्थ करने में सहयोग करें।

डा. छाया शुक्ला के निर्देशन में 'उपभोक्ता सशक्तिकरण' नामक शीर्षक से सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा फाइनेंशियल मैनेजमेंट एंड कंज्यूमर एजुकेशन कोर्स के अंतर्गत एक प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया, जिसमें उपभोक्ता के अधिकार, मानक चिन्ह, विभिन्न प्रकार की असली एवं नकली वस्तुओं की पहचान, फ्रॉड के होने पर विभिन्न स्तरों पर किए जाने वाली कम्प्लेन्ट्स की प्रक्रिया आदि से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। समस्त महाविद्यालयों के अधिष्ठातागण, निदेशकगण, विभागाध्यक्षों एवं संकाय सदस्यों ने विद्यार्थियों के इस प्रयास एवं पहल की सराहना की। इस केन्द्र का संचालन महाविद्यालय की अधिष्ठात्री डा. अल्का गोयल की अध्यक्षता में महाविद्यालय के पांचों विभागों के विभागाध्यक्षों एवं विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक तथा संयोजक के रूप में डा. छाया शुक्ला की सम्मिलित समिति द्वारा किया जाएगा।

इस अवसर पर कुलसचिव डा. के.पी. रावेरकर, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डा. एस.के. कश्यप, अधिष्ठाता प्रौद्योगिकी महाविद्यालय डा. अलकनंदा अशोक, अधिष्ठाता मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय डा. मालविका दास, निदेशक संचार डा. जे.पी. जायसवाल, निदेशक शोध डा. ए.एस. नैन, निदेशक प्रसार शिक्षा डा. जितेंद्र क्वात्रा, डा. टी.पी. सिंह, डा. शिवा प्रसाद, डा. अदिति वत्स, डा. मनीषा गहलोत, डा. अर्चना कुशवाहा, डा. अनीता रानी, डा. साक्षी, डा. ओम प्रकाश, डा. विवेकानन्द, प्रधानाचार्य कैंपस स्कूल डा. बी.सी. पाठक, प्रधानाचार्य बाल निलयम जूनियर हाई स्कूल श्रीमती मंजू, डा. दिव्या सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



*स्वावलंबन केन्द्र का उद्घाटन करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।*




*स्वावलंबन केन्द्र विद्यार्थियों को सुझाव देते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।*

**निदेशक संचार**